'बीआइसी-एनटीसी की जमीन पर विकसित किए जाएंगे उद्योग'

सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी बोले- चौतरफा विकास ही प्राथमिकता

kanpur@inext.co.in

KANPUR (27 May): बंद पड़ी खत्त इमली समेत ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन (बीआइसी) और नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन (एनटीसी) की म्योर मिल सहित सभी मिलों की नजूल जमीन खाली कराई जा रही है. इन पर नए उद्योग लगाए जाएंगे. यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने काफी टेबल बुक के विमोचन के दौरान बुधवार को कही.

कानपुर का विकास प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि बीजरी, चमड़ा समेत अन्य उद्यमों की स्थापना के लिए मजबूत प्रस्ताव आता है तो सरकार गंभीरता से विचार करेगी. लखनऊ की तर्ज पर कानपुर का चौतरफा विकास सरकार की प्राथमिकता है. 2047 तक बेहतर व सुखद बदलाव लाना है तो विकास की रफ्तार तेज करनी होगी. ग्रीन पार्क को और अच्छा बनाने का प्रयास है. इसका प्रस्तावक शासन को भेजा जा चुका है. रिंग रोड के निर्माण से जाम से निजात मिलेगी. डिफेंस कारिडोर फेज 2 शुरू होने से कई कंपनियां वहां निवेश करने आ रही हैं.

यूपी एआइ मिशन में कानपुर को प्राथमिकता मिलनी चाहिए : अमित घोष

बिठूर में काफी टेबल बुक का विमोचन करते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी (बाएं से चौथे). अपर मुख्य सचिव चिकित्सा, शिक्षा, अमित घोष (बाएं). साथ में (बाएं से) मनोज गुप्ता, आरएन त्रिपाठी, सीएसजेएमयू के कुलपति विनय पाठक, उच्च स्तरीय संयुक्त विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव.

पर्यटन की अपार संभावनाएं

बिठूर के ब्रटनिटी होटल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं. होटल इंडस्ट्री को विकसित करने के लिए काम होना चाहिए, होटल व निजी अस्पतालों के नक्शे दिन-रात रनगकर पास कराएं. मेक इन इंडिया की तर्ज पर डिजाइन इन इंडिया पर काम होना चाहिए. इसके लिए प्रस्ताव स्नाकर एचबीटीयू के माध्यम से आगे बढ़ा जाएगा. अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा अमित कुमार घोष ने कहा कि इस शहर ने थमने का नाम नहीं लिया, बल्कि नई पीढ़ी तैयार करने की रफ्तार है. यूपी एआइ मिशन में कानपुर को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए ताकि और बेहतर करने का मौका मिल सके. पीपीपी माडल पर निजी अस्पताल खोले जाने चाहिए. बाहर के उद्यमियों को यहां बुलाने की जरूरत है.

युवा पीढ़ी के मुताबिक विकसित करना होगा शहर

उपकुलपति शारदा जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति विनय पाठक ने कहा कि शहर को युवा पीढ़ी के हिसाब से विकसित करना होगा. कार्यक्रम की शुरुआत में काफी टेबल बुक का विमोचन किया गया. इसमें मंत्रणायुक्त के विनयेन्द्र पांडेय, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, केडीए उपाध्यक्ष शंकुर कीर्तिक, संयुक्त विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, एमकेयू के चेयरमैन मनोज गुप्ता, उद्यमी आरएन त्रिपाठी, सुनील बैरड, बलराम नवलका मौजूद रहे.

'भारत में क्लीन एनर्जी पर निवेश करे कनाडा'

PIC: AGENCY

सनलाइफ कनाडा के सीईओ के साथ पीयूष गोयल.

पीयूष गोयल ने कनाडा के इन्वेस्टर्स को किया आमंत्रित

NEW DELHI (27 May, Agency): भारत और कनाडा के बीच निवेश सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा के प्रमुख पेंशन कोष, सावरेन और संस्थागत निवेशकों के साथ बैठकें कीं. इन बैठकों में गोयल ने निवेशकों को भारत के साथ स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीनटेक्नोलाजी, डिजिटल ढांचे, एआइ और मैन्यूफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में भागीदारी का न्योता दिया.

बढ़ते अवसरों पर चर्चा

गोयल ने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'कनाडा-भारत निवेश गोलमेज' की कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ अध्यक्षता की.' इस दौरान उन्होंने भारत में निवेश के बढ़ते अवसरों पर विस्तार से चर्चा की. बैठक में गोयल ने कहा कि भारत बुनियादी ढांचे और कारोबार सुगमता पर लगातार काम कर रहा है, जिससे वैश्विक निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं. उन्होंने निवेशकों को स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीनटेक्नोलाजी, डिजिटल ढांचे, एआइ और विनिर्माण क्षेत्रों में भारत के साथ साझेदारी के लिए आमंत्रित किया.

सिद्धारमैया देंगे इस्तीफा शिवकुमार बनेंगे सीएम!

TAMILNADU (27 May) : कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया बसंत को इस्तीफा दे सकते हैं. पार्टी उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बना सकती है. दोनों नेताओं की दुबई से दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ 6 घंटे तक बैठक हुई. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीटिंग में राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से सीएम पद से इस्तीफा देने का कहा और उन्हें राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया. कुछ सभ्यकों से चर्चा के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि वे हाईकमान का फैसला मानेंगे. मंत्रियों की ब्रेकफास्ट मीटिंग के लिए बुलाया है. #dkshivkumar

राजस्थान सामान्यिक एवं निष्पादन अंकेक्षण प्राधिकरण
द्वितीय तल, जीवन निधि भवन अम्बेडकर सर्किल, जयपुर
क्रमांक एफ.62 (35) RSPAA/TENDER/अनुबंधित सेवायें/2026-27/191 दिनांक 22.05.2026
ई-बोली आमंत्रण सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान सामान्यिक एवं निष्पादन अंकेक्षण प्राधिकरण में विभिन्नता, अनुबंधित विधिवत्ता, कम्प्यूटर एवं सामग्रियां की सेवा उपलब्ध कराने हेतु (अनुबंधित राशि रु. 296 लाख) ऑनलाइन बोलीदाता/बोलदाता से ई-बोली (स्वचालित-इलेक्ट्रॉनिक बोली व विवेक बोली) दिनांक 29.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत ई-बोली अंकेक्षण सूचना एवं ई-बोली दस्तावेज वेबसाईट "http://eproc.rajasthan.gov.in" एवं "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखे जा सकते हैं।
UBN : DTA 2627SLOB0062 (लोकल लाल घनाला) निदेशक, राजस्थान
DIPR/C/9245/2026 सामान्यिक एवं निष्पादन अंकेक्षण प्राधिकरण

पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना
इच्छतनगर मण्डल के समाहि विभाग में निम्नलिखित पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संविदा आधार पर रि-इंगेज किए जाने का निर्णय लिया गया है, पद एवं रिक्तियों का विवरण निम्नवत है:- क्रम सं० -1, पदनाम – रनगी-ई/समाहि, लेवल – 5, रिक्तियों की संख्या-15, विधिकता श्रेणी – बी-1, क्रम सं० – 2, पदनाम – हेल्पर/समाहि, लेवल – 1, रिक्तियों की संख्या-19, विधिकता श्रेणी –बी-1, बोथ–रिक्तियों की संख्या-34, अधिसूचना सं०–का/275/ पी एण्ड ओ/एस.आर./ समाहि/III दि०- 18.05.2026 के अन्तर्गत आवेदन करने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों की आयु 60 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक सेवानिवृत कर्मचारियों के आवेदन अंतिम तिथि 11.06.2026 या उससे पूर्व मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), इज्जतनगर कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। रेलवे बोर्ड के पत्र दि० 15.10. 2024 एवं दि० 31.12.2024 द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार पेंशनर्स कर्मचारियों की रि–इंगेज पर पारिश्रमिक अनिम (वेतन+महंगाई भत्ता) से (पेंशन + महंगाई भत्ता) घटाकर किया जायेगा। अधिसूचना के सम्बन्ध में पूर्ण नियम एवं शर्तों का विवरण तथा आवेदन पत्र का प्रारूप रेलवे की वेबसाइट ध्नत.पवकवंसंपजलूते.हवस पर दि० 18.05.2026 को 16:30 बजे अपलोड कर दिया गया है, पर देखा जा सकता है।
मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्य), इज्जतनगर
शुभांक/विविध - 12
पहिचान की प्रति व पत्रपत्र पर कार्यवाही नहीं करेंगे

उत्तर मध्य रेलवे
पत्र सं.- Dy.CEE/PU/CNB/26-27 दिनांक- 26.05.2026
भारतीय रेलवे
पब्लिक नोटिफिकेशन
उत्तर मध्य रेलवे के भाऊपुर रेलवे स्टेशन के पास नीचे दिए गये खंड में 2x25 के.वी. भाऊपुर/एस.एस.पी. दिनांक 25.06.2026 या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से 2x25 के.वी. भाऊपुर/एस.एस.पी. को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।
क्र.सं.1. खंड/कार्य का नाम: उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर गाजियाबाद-पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बीच एसपी/एसएसपी के साथ 132/2x25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटा 200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी भाऊपुर/एस.एस.पी. का ऊर्जीकरण।
किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज
से: भाऊपुर/एस.एस.पी. कि.मी. 1038/12A (CH 1038/427.90)
तक: भाऊपुर/एस.एस.पी. कि.मी. 1038/14A (CH 1038/477.90)
ऊर्जीकृत करने की तिथि: 25.06.2026
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर
1197/26 FA
North central railways @CRONCR www.northcentralrailways.gov.in

दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज गुजरात में शुरू

10 महीने में बना बैटरी स्टोरेज सिस्टम

AHMEDABAD (27 May) : गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावाट प्रति घंटे कैपेसिटी वाली बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) को सक्सेसफुली शुरू किया. चीन को छोड़कर पूरी दुनिया में एक ही जगह पर बना यह सबसे बड़ा बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है. यहां रखी बैटरियों में सोलर या विंड एनर्जी से बनी बिजली को स्टोर कर जरूरत पड़ने पर किसी भी शहर को सप्लाई दी जा सकती है.

PIC: SOCIAL MEDIA

30 गीगा वॉट पव्र रिन्यूएबल एनर्जी एगंट बनाया जा रहा

क्यों इम्पॉर्टेंट है ये एनर्जी सिस्टम

सोलर और विंड एनर्जी प्रोडक्शन की सबसे बड़ी सीमा यह है कि ये नेचुरल कंडीशंस जैसे सूरज की रोशनी और हवा- पर डिपेंड होते हैं. इस प्रोडयूस्ड एनर्जी को स्टोर करके उस समय सप्लाई किया जा सकता है, जब मांग अपने चरम पर हो. यही पव्र बैटरी स्टोरेज तकनीक एक गेम चेंजर के रूप में सामने आती है.

6 पॉइंट्स में BESS

1. बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम
2. अतिरिक्त बिजली स्टोर करती है.
3. जरूरत पड़ने पर ग्रिड को बिजली देती है.
4. सोलर/विंड पॉवर को स्थिर बनाती है.
5. बिजली कटौती कम करने में मदद करती है.
6. रिन्यूएबल क्षमता 19,785.8 मेगावाट हो गई है.

पेरिस से भी बड़ा है गुजरात के खावड़ा में बना एनर्जी प्रोजेक्ट

खावड़ा प्रोजेक्ट आथमर (538 वर्ग किमी) में राइ पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है. यहां दुनिया का सबसे बड़ा 30 गीगा वॉट का रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट बन रहा. इसमें से 9.9 गीगावॉट चालू हो चुका है.

3.37 गीगावाट है स्टोरेज कैपेसिटी

- स्टोरेज क्षमता- खावड़ा परियोजना में कुल 3.37 GWh का संबंधी बैटरी स्टोरेज स्थापित किया गया है.
- विशाल रिन्यूएबल पार्क- गुजरात के खावड़ा में बना बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम 30 गीगावाट बनाता वाले रिन्यूएबल पार्क की योजना पर काम चल रहा है. साथ ही आगे इसको और ज्यादा एक्सपैंड करने का टारगेट रखा गया है.

चीन सबसे आगे

रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज में चीन सबसे आगे है. उसके इनर मंगोलिया और शिनजियांग प्रांतों में दुनिया के सबसे बड़े बैटरी प्रोजेक्ट्स सिस्टम हैं, जिनमें छगन खावड़ा प्रोजेक्ट की क्षमता 4 हजार मेगा वॉट घंटा है.

for more news log on to WWW:inextlive.com

कार्यालय-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी
पत्रांक: समग्र शिक्षा/ नवीन उच्चीकृत-के०जी०बी०वी०/3042-48 /2026-27 दिनांक 27.05.2026
शुद्धि पत्र विज्ञप्ति
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी कार्यालय के पत्रांक–समग्र शिक्षा/ नवीन उच्चीकृत–के०जी०बी०वी०/ 2948–54 / 2026–27 दिनांक 26.05.2026 के द्वारा दिनांक 27.05.2026 को प्रकाशित विज्ञप्ति में महिला अभ्यर्थियों से ही आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु सूचना प्रकाशित किया जाना था जो कि त्रुटि वश अंकित नहीं हो पाया है, अतः केवल महिला अभ्यर्थियों के ही आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।
(योगेश तिवारी)
जिला समन्वयक बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, कौशाम्बी
डॉ० (कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कौशाम्बी

उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश
नोटिस विरुद्ध
विपक्षी:- श्री सुरेन्द्र सिंह कठियार,
अधिशासी अभियन्ता निवासी-मकान सं0-109, चाणक्यपुरी चौराहा, मोहल्ला-चाणक्यपुरी, श्यामनगर पोस्ट आफिस-पी0ए0सी0 डाकघर थाना-चकेरी पुलिस चौकी श्याम नगर जनपद-कानपुर।
माननीय उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश के समक्ष परिवादी श्री महेश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी-प्लैट नं0-89, लेखरान नगीना, सी-ब्लाक इन्दिरा नगर लखनऊ द्वारा प्रस्तुत परिवाद संख्या-2307-2025 के सम्बन्ध में विपक्षी श्री सुरेन्द्र सिंह कठियार, अधिशासी अभियन्ता, निवासी मकान सं0-109, चाणक्यपुरी चौराहा, मोहल्ला-चाणक्यपुरी, श्यामनगर पोस्ट आफिस-पी0ए0सी0 डाकघर थाना-चकेरी, पुलिस चौकी श्याम नगर जनपद-कानपुर को अवगत कराया जाता है कि प्रस्तुत प्रकरण में वांछित सुस्पष्ट स्पष्टीकरण मय साक्ष्य माननीय उप लोक आयक्त जी के अवलोकनार्थ अगोहस्तावरी को दिनांक 18-06-2026 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
आज्ञा से,
सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.o. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India
निलामी सूचना
[illegible]
आधुनिक कृषि यंत्रों संग समृद्ध अन्दाता
उत्तर प्रदेश में अनुदान पर कृषि यंत्रों के विक्रय हेतु इच्छुक निर्माता कम्पनियों के पंजीकरण एवं इम्पैनलमेंट प्रक्रिया दिनांक 29.05.2026 से upyantratracking.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आरम्भ की जायेगी
- सभी कृषि यंत्र निर्माता कम्पनियों को कृषि विभाग द्वारा विकसित upyantratracking.in पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना, समस्त विवरण भरना एवं आवश्यक अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत इम्पैनलमेंट प्रक्रिया ऑनलाइन upyantratracking.in पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।
- रु 10,000/- से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों पर उत्पन्न हुआ या लेजर कट (Embossed)/Laser Cutting) सीरियल नं का लेटर साइज (Arial Bold) 25 mm में अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- सभी कृषि यंत्र निर्माता कम्पनियों को मेजबान अधिकारी खुदरा मूल्य (एमआरपी, जीएसटी, सहित) अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करना होगा। साथ ही, सभी अधिकृत विक्रेताओं द्वारा अपने सेल्फ के पटल/चेंपल पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।
- शपथ पत्र की प्रति upyantratracking.in पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है।
- कृषि यंत्र की टेस्टिंग रिपोर्ट निर्माता कम्पनी के नाम से होने तथा कम्पनी द्वारा स्वनिर्मित कृषि यंत्र को ही इम्पैनलमेंट में सम्मिलित किया जायेगा।
- यंत्र निर्माता कम्पनी को बैंक गारंटी कृषि निदेशक, उ.प्र., कृषि भवन, लखनऊ (Director Agriculture, U.P. Krishi Bhawan, Lucknow) के नाम से होगी। बैंक गारंटी की पी.डी.एफ. upyantratracking.in पोर्टल पर अपलोड करनी होगी तथा बैंक गारंटी की मूल कॉपी संयुक्त कृषि निदेशक, अभियंत्रण अनुभाग, कृषि भवन, लखनऊ को प्रेषित करनी होगी।
कृषि यंत्रों के इम्पैनलमेंट हेतु बैंक गारंटी के लिए निर्धारित मापदण्ड

क्र.सं.	कृषि यंत्र का अधिकतम विक्रय मूल्य (रूपये लाख में)	प्रति यंत्र/प्रति मॉडल हेतु बैंक गारंटी (रूपये लाख में)	चार या चार से अधिक यंत्रों हेतु बैंक गारंटी (रूपये लाख में)
1.	रु. 3.00 लाख तक	रु. 1.00 लाख	रु. 4.00 लाख
2.	रु. 3.00 लाख से रु. 10.00 लाख तक	रु. 2.00 लाख	रु. 8.00 लाख
3.	रु. 10.00 लाख से अधिक	रु. 3.00 लाख	रु. 12.00 लाख

बैंक गारंटी की समय सीमा अनिवार्य प्रस्तुत करने के समय से न्यूनतम एक वर्ष के लिए ही मान्य होगी तथा बैंक गारंटी को वाया असीमित चलायमान ही वापस किया जायेगा।
इम्पैनलमेंट संबंधित विस्तृत जानकारी upyantratracking.in पोर्टल पर उपलब्ध है
[कोई भी समस्या आने पर ई-मेल upyantratracking@gmail.com, हेल्पलाइन नं. 7839882158 पर किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 तक सम्पर्क कर सकते हैं।]
सूर्य प्रताप शाही
मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश
किसान कल्याण मिशन
कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश
बलदेव सिंह औलख
राज्य मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश

अवसीय उपबंधों के स्थानांतरण हेतु पुनिवत आवेदन
स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम), सीसीटीए पंजीकृत संस्था L25111UP1972GOI005590
पंजीकृत कार्यालय: 3/481, पहली मंजिल, विकास खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत – 226010, टेलीफोन नंबर 0522-2318500, वेबसाइट: www.scootersindia.com
ई-मेल आईडी: cscoordinator@gmail.com
[illegible]
कृषि यंत्रों के इम्पैनलमेंट हेतु बैंक गारंटी के लिए निर्धारित मापदण्ड
[illegible]
www.scootersindia.com
दिनांक: 26.05.2026

NATIONAL BRIEFS

आसाराम की उम्रकैद की सजा बरकरार

JAIPUR : राजस्थान हाई कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे 86 वर्षीय आसाराम की राहत देने से इन्कार करते हुए उसकी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है. हालांकि, कोर्ट ने उसे सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों से बरी कर दिया लेकिन अन्य गंभीर आरोपों में दोषसिद्धि और सजा यथावत रखी है. हाई कोर्ट ने आसाराम को सरेंडर करने का भी आदेश दिया है. आसाराम इन दिनों अंतरिम जमानत पर है. हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सुनाई गई उम्रकैद की सजा में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा.

अन्नाद्रमुक के गुटों में हुई सुलह

CHENNAI : अन्नाद्रमुक में दो सप्ताह से जारी मतभेदों का दौर थम गया है और दोनों गुटों में बुधवार को सुलह हो गई. पार्टी ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका वापस ले ली है. इससे जाहिर होता है कि पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक हो गया है. इसी महीने पार्टी के एक गुट ने तमिलनाडु की टीवीके सरकार को समर्थन दिया था और अन्नाद्रमुक महासचिव ईके पलानीस्वामी के नेतृत्व की चुनौती दी थी. पार्टी में संकट गहरा गया था. बागी गुट ने दावा किया कि पार्टी में कोई टूट की बात नहीं थी बल्कि केवल मतभेद थे.

SC ने गेमिंग कंपनियों पर GST सही ठहराया

NEW DELHI : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आनलाइन गेमिंग कंपनियों पर सरकार द्वारा पिछली तिथि से 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले को सही ठहराया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह संवैधानिक रूप से वैध है. जस्टिस जेबी पारडीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि आनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म्स सिर्फ इंटरमीडियरीज नहीं हैं, बल्कि उन्हें जीएसटी के तहत आपूर्तिकर्ता माना जाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा- सट्टेबाजी और जुए से जुड़े दावों पर जीएसटी लगाना संवैधानिक रूप से वैध है.

श्री लैग्वेज फॉर्मूला फिलहाल रहेगा जारी

NEW DELHI : नौवीं और दसवीं कक्षा में भी बच्चों को अनिवार्य रूप से दो भारतीय भाषाएं एवं एक कोई अन्य भाषा पढ़ाने के सीबीएसई के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगाने से इन्कार कर दिया है. हालांकि याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट इस मामले की सुनवाई को राजी हो गया है और केंद्र सरकार, सीबीएसई व एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है. कोर्ट ने मामले को जुलाई के दूसरे हफ्ते में सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं.

3 भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या में 10 अरेस्ट

KOLKATA : बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में 2019 के लोकसभा चुनाव बाद हुई हिंसा में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या मामले में सीबीआई ने 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में पूर्व टीएमसी नेता शेख शाहजहां का करीबी कादेर मोल्ला भी शामिल है. सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से जुटाए गए सबूतों, गवाहों के बयान और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ्तारी अभियान चलाया गया.